मैसर्स एच.एल.एल. लाईफ केयर लि. को 1000 सैनेटरी नैपकीन वेडिंग मशीनें स्थापित किये जाने हेतु कार्यादेश दिया गया था। जयपुर नगर निगम, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सूचियो को नेपकिन वेन्डिग मशीनें स्थापित करने हेतु सम्बन्धित उपलब्ध करवा दी गई थी।

जविप्रा द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचियों के अनुसार स्कूलों, पीएचसी, आंगनबाडी केन्द्रों पर लगभग 850 वेन्डिग मशीने अब तक स्थापित की जा चुकी है। उक्त वर्णित स्थलों मे से कुछ स्थानों पर मशीनें स्थापित करने हेतु उपयुक्त स्थल एवं बिजली आदि की व्यवस्था नही होने के कारण विधुत कनेक्शन के अभाव मे मशीनें स्थापित नही की जा सकी है।

यहॉ यह उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रो मे जामडोली, नांगल जैसा बोहरा, अवानियॉ, अजयराजपुरा, कलवाडा, निवारू, लाखना, मीनावाला एवं नेवटा की स्कूलों, सरना डूंगर, वाटिका, कालवाड, बोएतावाला, छीतरोली इत्यादि के उप स्वास्थ्य केन्द्रो एवं बगरू, महापुरा, चैनपुरा, तेजावाला,किशोरपुरा, भांकरोटा, रामचन्द्रपुरा इत्यादि के आंगनवाडी केन्द्रो पर भी नैपकीन वेन्डिग मशीने स्थापित की जा चुकी है, इसके अतिरिक्त जयपुर, गांधी नगर एवं दुर्गापुरा रेलवे स्टेशनस् एवं सिन्धी कैम्प बस स्टेण्ड पर भी सैनेटरी नैपकिन वेडिंग मशीनें स्थापित करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

शेष मशीनों को स्थापित करने हेतु लगभग 200 स्थलों की सूची उपलब्ध करवा दी गई है। शेष मशीने शीघ्र ही स्थापित कर दी जावेगी, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं द्वारा सैनेटरी नेपकीन वेन्डिग मशीनों का उपयोग मे ली जा सकेगी।

उपायुक्त(सा.स्टोर)